**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 09 फ़रवरी 2026, समय 1305 (5 मिनट)**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकप्रिय संवाद कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' के 9वें संस्करण के दौरान विद्यार्थियों से बातचीत की। आज जारी किए गए इसके दूसरे वीडियो में प्रधानमंत्री ने परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता से निपटने के तरीकों पर बातचीत की।

श्री मोदी ने विद्यार्थियों को छोटे स्टार्टअप से अपनी उद्यमशीलता की यात्रा शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि बड़े विचार अक्सर छोटी शुरुआत से ही पनपते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे उद्योग जगत के पेशेवरों से संपर्क बनाए ताकि वे वास्तविक दुनिया की प्रणालियों की कार्यप्रणाली को समझ सकें और पाठ्यपुस्तकों से परे व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर सकें।

पढ़ाई और रुचि के बीच संतुलन बनाए रखने पर प्रधानमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों को अकादमिक और रचनात्मक गतिविधियों को अलग या विरोधी रास्ता नहीं समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण हैं और प्रभावी ढंग से संतुलित किए जा सकते हैं। श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि कलात्मक तथा रचनात्मक शौक विद्यार्थियों को अकादमिक दबाव से उत्पन्न तनाव और थकान से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि अनुशासित दैनिक व्यवहार राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि अनुशासन और प्रेरणा दोनों ही आवश्यक हैं।

***************************************************

सरकार ने आयकर नियमों और प्रपत्रों, 2026 के मसौदे पर जनता और हितधारकों से टिप्पणियाँ आमंत्रित की हैं। ये टिप्पणियां इस महीने की 22 तारीख तक आयकर कार्यालय के आधिकारिक पोर्टल पर भेजी जा सकती हैं। आयकर कार्यालय ने सूचित किया है कि मसौदा नियम सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध हैं। इस का उद्देश्य पारदर्शिता को बढ़ावा देना और सहभागी तथा प्रभावी नियम निर्माण प्रक्रिया सुनिश्चित करना है

*********************************************************

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कल पलवल के सल्लागढ़ में बाबू जगजीवन राम दलित उत्थान ट्रस्ट द्वारा  संत शिरोमणि गुरु रविदास के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित
कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। श्री गुर्जर ने संत रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और  संत शिरोमणि गुरु रविदास भवन का  उद्घाटन किया। उन्होंने इस अवसर पर पूर्व मंत्री बाबू जगजीवन राम की प्रतिमा का अनावरण भी किया।

श्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि संत रविदास ने  सर्व समाज को भाईचारे और प्रेम के साथ रहने का संदेश दिया।  हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके आदर्शों पर चलना चाहिए।
श्री गुर्जर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संत रविदास द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलते हुए  बिना किसी भेदभाव के सबका साथ सबका विश्वास की भावना के साथ काम कर रहे हैं।बिना किसी भेदभाव के सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है।

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री  ने कहा कि भारत अमेरिका व्यापार समझौते  को लेकर कांग्रेस भ्रम फैला रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के लिए किसानों व गरीबों के हित सर्वोपरि  है।  किसानों के हित भाजपा सरकार में सुरक्षित है।
*********************************************************

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि वर्ष 2031 की संभावित जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए सरकार ने कुंडली-मानेसर-पलवल- एक्सप्रेस वे के दोनों ओर 5 नए शहर विकसित करने के उद्देश्य से पंचग्राम विकास प्राधिकरण का गठन किया है।उद्योग मंत्री ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत-2047' विज़न को साकार करने में दिल्ली एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की भूमिका अहम है और केएमपी एक्सप्रेस वे इस दिशा में एक मजबूत आधार प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि इसी अनुरूप हरियाणा सरकार ने अपनी औद्योगिक नीति में आवश्यक संशोधन किए हैं, ताकि निवेश, रोजगार और आधारभूत ढांचे को नई गति मिल सके। श्री राव नरबीर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की वर्ष 2030 तक 10 नई आईएमटी स्थापित करने की घोषणा को धरातल पर उतारा जा रहा है। 5 आईएमटी को स्वीकृति मिल चुकी है और उन्हें विकसित करने की प्रक्रिया प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित 10 में से 3 आईएमटी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में विकसित की जाएंगी, जिनकी धुरी केएमपी एक्सप्रेसवे रहेगा। इसके साथ ही विकसित किए जाने वाले 5 नए शहर 'विकसित भारत' की परिकल्पना को साकार करेंगे और दिल्ली में बढ़ते जनसंख्या दबाव को भी कम करने में सहायक सिद्ध होंगे।

************************************************************

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि वर्ष 2031 की संभावित जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए सरकार ने कुंडली-मानेसर-पलवल- एक्सप्रेस वे के दोनों ओर 5 नए शहर विकसित करने के उद्देश्य से पंचग्राम विकास प्राधिकरण का गठन किया है।

उद्योग मंत्री ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत-2047' विज़न को साकार करने में दिल्ली एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की भूमिका अहम है और केएमपी एक्सप्रेस वे इस दिशा में एक मजबूत आधार प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि इसी अनुरूप हरियाणा सरकार ने अपनी

औद्योगिक नीति में आवश्यक संशोधन किए हैं, ताकि निवेश, रोजगार और आधारभूत ढांचे को नई गति मिल सके।

श्री राव नरबीर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की वर्ष 2030 तक 10 नई आईएमटी स्थापित करने की घोषणा को धरातल पर उतारा जा रहा है। 5 आईएमटी को स्वीकृति मिल चुकी है और उन्हें विकसित करने की प्रक्रिया प्रगति पर है।

उन्होंने कहा कि प्रस्तावित 10 में से 3 आईएमटी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में विकसित की जाएंगी, जिनकी धुरी केएमपी एक्सप्रेसवे रहेगा। इसके साथ ही विकसित किए जाने वाले 5 नए शहर 'विकसित भारत' की परिकल्पना को साकार करेंगे और दिल्ली में बढ़ते जनसंख्या दबाव को भी कम करने में सहायक सिद्ध होंगे।

*************************************************************